दिन– सोमवार दिनांक– 16/09/2024

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– अपराह्न 03:10 बजे से। अवधिः– 05 मिनट

राज्य में पिछले चौबीस घंटों के दौरान रोहतास, नवादा और जमुई जिले में हल्की से मध्यम स्तर की वर्षा हुई है। मौसम विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार रोहतास के संझौली में सबसे अधिक बयासी दशमलव चार मिलीमीटर बारिश रिकॉर्ड की गई। वहीं, जमुई के चकाई में सतहत्तर दशमलव दो, चेनारी में अंठावन दशमलव चार और भभुआ में चालीस दशमलव आठ मिलीमीटर बारिश दर्ज की गई। मौसम विज्ञान केन्द्र पटना ने पश्चिम बंगाल में बने निम्न दबाव के कारण अगले चौबीस घंटों के दौरान औरंगबाद, रोहतास, गया, नवादा और कैमूर जिले के कुछ स्थानों पर भारी वर्षा का येलो अलर्ट जारी किया है। इस दौरान राज्य के पश्चिमी और मध्य भागों में तीस से चालीस किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से हवा चल सकती है। विभाग ने इस दौरान नदी में नाविकों और नाव से यात्रा करने वाले यात्रियों को विशेष सावधानी बरतने की सलाह दी है। वहीं, राज्य के अन्य हिस्सों में बादल छाये रहने के साथ हल्की बारिश का पूर्वानुमान व्यक्त किया गया है। इधर, राजधानी पटना में आज सुबह से आसमान में बादल छाये हुए है और रूक–रूक कर बारिश हो रही है।

राज्य के कई हिस्सों में पिछले अड़तालीस घंटों के दौरान हुई बारिश के कारण गंगा सहित कई बरसाती नदियाँ उफान पर हैं। गंगा नदी में उफान से बक्सर जिले के पांच प्रखंडों में बाढ़ का खतरा मंडराने लगा है। जिले के चौसा, बक्सर, सिमरी, चक्की और ब्रह्मपुर प्रखंड के सैकड़ों गांव में पानी बढ़ने के बाद प्रशासन ने राहत और बचाव टीम को तैयार रहने का निर्देश दिया है। प्रशासन ने बढ़ते जलस्तर को देखते हुए नाव परिचालन पर पूरी तरह रोक लगा दी है। इधर, कैमूर जिले के करकटगढ जलप्रपात पर पिकनिक मनाने गए कई सैलानी कर्मनाशा नदी का जलस्तर बढ़ जाने से फंस गए थे। बाद में पटना से पहुंची एनडीआरएफ की टीम ने सैलानियों को सुरक्षिता निकाल लिया। वहीं, औरंगाबाद के कुटुंबा और अम्बा प्रखंड के कई निचले इलाकों में बटाने और बतरे नदी में उफान के कारण बाढ़ का पानी फैल गया है।

———————————————————————————

स्वच्छता ही सेवा अभियान, दो हजार चौबीस कल से शुरू होकर दो अक्टूबर तक चलेगा। इस वर्ष इसका विषय स्वभाव स्वच्छता–संस्कार स्वच्छता रखा गया है। इस अभियान के तहत पर्यटन स्थलों, सार्वजनिक भवनों, व्यावसायिक क्षेत्रों, जलाशयों, चिडियाघरों, अभयारण्यों और सामुदायिक तथा सार्वजनिक शौचालयों सहित विभिन्न स्थानों पर श्रमदान और सामूहिक रूप से बड़े पैमाने पर सफाई की जाएगी। देशभर में केन्द्र सरकार के सभी मंत्रालयों और राज्यों की ओर से इस सिलसिले में कई कार्यक्रम आयोजित किए जायेंगे। ग्रामीण विकास मंत्री श्रवण कुमार कल हाजीपुर से राज्य स्तरीय स्वच्छता ही सेवा अभियान की शुरूआत करेंगे। बिहार सुधारात्मक प्रशासनिक संस्थान में आयोजित कार्यक्रम में श्री कुमार स्वच्छता के क्षेत्र में उल्लेखनीय काम करने वाले लोगों को सम्मानित भी करेंगे। इस अवसर पर सफाई कर्मियों के लिए सफाई मित्र सुरक्षा शिविर लगाया जाएगा, जिसमें इनके स्वास्थ्य की जांच की जाएगी।

———————————————————————————

पैगंबर हज़रत मोहम्मद का जन्म दिवस ईद–ए–मिलाद–उल–नबी आज धार्मिक श्रद्धा और आस्था से मनाया जा रहा है। इस अवसर पर पैगंबर मोहम्मद के जीवन और शिक्षण पर मिलाद महफिल और सीरत का आयोजन किया गया है। मिलाद जुलूस भी निकाले जा रहे हैं। इस अवसर पर राष्ट्रपति दौपद्री मुर्मू ने शुभकामना देते हुए कहा कि पैगंबर मोहम्मद ने सभी को प्रेम और भाईचारे की भावना तथा समाज में समानता और सद्भाव के साथ रहने का संदेश दिया। प्रधानमंत्री ने सोशल मीडिया पोस्ट में समाज में सद्भाव और एकजुटता हमेशा बनी रहने की कामना की। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने कहा कि पैगम्बर हजरत मुहम्मद साहब का संदेश प्रेम, सहिष्णुता, शांति एवं विश्व बंधुत्व का था। उन्होंने लोगों से पारस्परिक सौहार्द्र, आपसी प्रेम और सहिष्णुता के साथ ईद–ए–मिलाद–उन–नबी मनाने की अपील की।

———————————————————————————

समाप्त